**प्रादेशिक समाचार**
**मुख्य समाचार**

**दिनांक–13.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

1. **राज्य में पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान जारी।।**
2. **मतदाताओं में खासा उत्साह, दिन के 11 बजे तक 29 दशमलव तीन एक प्रतिशत मतदान।**
3. **20 नवंबर होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार ने पकड़ी रफ्तार।**
4. **भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देवघर और गोड्डा में करेंगे चुनावी सभाएं, इंडी गठबंधन के भी नेता करेंगे चुनावी रैलियां।**
5. **झारखंड हाईकोर्ट ने 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को जारी किया नोटिस, पक्ष रखने का दिया निर्देश।**

**समाचार विस्तार से**

************************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज राज्य के विभिन्न हिस्सों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि दिन के 11 बजे तक अनुमानित 29 दशमलव तीन एक प्रतिशत मतदान हुआ है। इस चरण में 15 जिलों में फैले तैंतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हो रहा है। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा। 31 सीटों के नौ सौ पचास संवेदनशील बूथों को छोड़कर अन्य सभी जगहों पर मतदान शाम 5 बजे खत्म होगा जबकि अति संवेदनशील बूथों पर मतदान शाम 4 बजे तक होगा। एक करोड़ 37 लाख से अधिक मतदाता 73 महिलाओं सहित 683 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। और अब सीधा रुख करते हैं अपने संवादाता केके लाल का।

केके लाल एक और प्रमुख सवाल है कि इस चरण में कौन–कौन से प्रमुख उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

************************

अब आपको सीधे लिये चलते हैं पश्चिमी सिंहभूम, जहां के पांच विधानसभा क्षेत्रों में मतदान जारी है। दिलीप आप बतायें आपके इलाके में कैसी चल रही है मतदान प्रक्रिया।

************************

अब चलते हैं पलामू, जहां पांच विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो रहा है। जसप्रीत आपके क्षेत्र में क्या है मतदान का अपडेट।

************************

अब आपको लेकर चलते हैं गढ़वा, जहां से हमारे संवाददाता दे रहे हैं अब तक की मतदान प्रक्रिया की जानकारी।

************************

अब जानकारी लेते हैं चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की। प्र"ाान्त बताइये कैसा चल रहा है आपके क्षेत्र में मतदान।

************************

इस बीच चुनाव आयोग ने मतदाताओं से निडर होकर मतदान करने की अपील की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सबकी सहभागिता जरुरी है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी झारखंड के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव में पूरे उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर सभी युवा मतदाताओं को विशेष रूप से पहली बार वोटर बने युवाओं को बधाई दी।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के एटीआई में बने मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद उन्होंने सेल्फी पॉइंट पर तस्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की।

*******************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास ने भी जमशेदपुर में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद लोकतंत्र के इस उत्सव में लोगों से बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रांची में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को मतदान करना चाहिए।

*******************

राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने भी आज रांची में मतदान करने के बाद कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग जरुर करना चाहिए।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने भी रांची के ओटीसी स्थित मतदान केंद्र पर परिवार के सदस्यों साथ मतदान किया। मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनानी है।

*******************

उधर, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मौके पर उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी लोग लोकतंत्र के इस उत्सव में हिस्सा लें और समाज को नयी दिशा प्रदान करने में अपनी भूमिका निभायें।

*******************

20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार पर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तीसरी बार चुनावी दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। श्री मोदी की पहली सभा देवघर जिले के सारठ स्थित सिरसा मैदान में दोपहर पौने दो बजे होगी। वहीं, दूसरी सभा गोड्डा में पौड़ेयहाट से सटे सिकटिया मैदान में दोपहर सवा तीन बजे से होगी। झामुमो इंडी गठबंधन के भी कई नेता आज विभिन्न क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को नोटिस जारी किया है। पूर्व क्रिकेटर मिहिर दिवाकर की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने धौनी को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। धौनी ने मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या विश्वास के खिलाफ 15 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज करायी है। मिहिर दिवाकर ने इस शिकायतवाद के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।